Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding setting up of a Kendriya Vidyalaya in Hindaun City in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency of Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र करौली, धौलपुर के हिण्डौन कस्बे की ओर दिलाना चाहता हूं जहां हिण्डौन में केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने की अति आवश्यकता है।

महोदया, हिण्डौन सिटी करौली जिले का सबसे बड़ा कस्बा है तथा वहां रेलवे स्टेशन भी है। यहां शिक्षा के उचित साधन उपलब्ध न होने से स्थानीय विद्यार्थियों को शिक्षा से संबंधित काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यहां पर पर्याप्त संख्या में रेलवे कर्मचारी, बैंक कर्मचारी तथा अन्य केन्द्रीय कर्मचारी निवास करते हैं। इनके साथ में राज्य सरकार के कार्मिक भी काफी संख्या में निवास करते हैं। यह करोली जिले का औद्योगिक रूप से भी महत्वपूर्ण कस्बा है, परंतु हिण्डौन सिटी उपखंड मुख्यालय पर शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं है। मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि करौली जिले के हिण्डौन सिटी उपखंड मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने का आदेश प्रदान करने की कृपा करें जिससे आम जनता को लाभ हो । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, डॉ. कुलमणि सामल और

भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. मनोज राजोरिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।